हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 11 मार्च 2025

12 होली पर सजे बाजार, रंगो के त्योहार को लेकर...



12 अपेक्स कॉन्वेंट स्कूल में 'ऑटम 2025' का हुआ आयोजन...





## खबर संक्षेप

### आरोही विद्यालय कन्हड़ी की प्रवेश परीक्षा 23 को

**फतेहाबाद।** राजकीय आरोही मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कन्हड़ी में जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई व खंड शिक्षा अधिकारी रामरत्न के दिशानिर्देशों के अनुसार कक्षा छठी, 7वीं, 8वीं, 9वीं व 11वीं में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 23 मार्च को करवाया जाएगा। स्कूल प्रभारी डॉ प्रदीप दहिया ने बताया कि उक्त कक्षाओं में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थी विद्यालय से प्रवेश परीक्षा का फॉर्म प्राप्त करके विद्यालय में जमा करवाकर अपना रोल नंबर ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल में छात्राओं के लिए छात्रावास की सुविधा पूर्ण रूप से सुरक्षित व मुफ्त रहेगी, स्कूल में खेल प्रांगण एवं खेल सुविधाओं को समुचित रूप से व्यवस्थित किया गया है।

### शूटिंग बॉल प्रतियोगिता का आयोजन कल

**रानियां।** श्री बाबा अमरनाथ वालीबॉल क्लब की ओर से आगामी 12 मार्च को गांव धोतड़ में शूटिंग बॉल टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा जिसमें मुख्यातिथि गांव के पूर्व सरपंच राजेंद्र महला व इनेलो नेता विकास न्योल शिरकत करेंगे। क्लब के सदस्य प्रकाशवीर लोथिया ने बताया कि 12 मार्च को गांव के स्टेडियम में शूटिंग बॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रथम विजेता टीम को 31 हजार रुपए द्वितीय टीम को 21 हजार दिए जाएंगे।

### नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाला काबू

**सिरसा।** हरियाणा कौशल रोजगार निगम में नौकरी दिलवाने के नाम पर 65 हजार रुपए की ठगी करने के मामले का आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सत्यवान ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान सतीश कुमार उर्फ लवली पुत्र प्रेम दास निवासी गांव अहमदपुर जिला सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि राहुल कुमार निवासी गांव धमोरा थेड़ी तहसील रानियां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करीब दो माह पहले उसके पास अज्ञात नंबरों से फोन आया और फोन करने वाला व्यक्ति कहने लगा कि मैं बिजली निगम में जेई के पद पर कार्यरत हूं तथा निगम में उसकी बड़े अफसरों के साथ अच्छी पहचान है।

## फास्ट फूड सेंटर कारों में सर्व कर रहे खाना, डिस्पोजल से अटी पड़ी ग्रीन बेल्ट

# सेक्टर 3 व डाकखाने के सामने रात को सरेआम गंदगी फैला रहे 'पियक्कड़'

- शिकायत करने पर भी कार्रवाई नहीं, लोगों में रोष

*हुडा सेक्टर 3 के शॉपिंग काम्पलैक्स के अलावा मॉडल टाउन में पपीहा पार्क के सामने इन दिनों फास्ट फूड की दर्जनों दुकानें खुली हुई हैं। इसके साथ ही यहां शराब का ठेका व आसपास चिकन की दुकानें भी हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद





कूड़े के ढेर लगने से फैल रही दुर्गंध, हो रही दिक्कतें

फतेहाबाद। कोर्ट के बाहर हाइवे किनारे लगे कूड़े के ढेर। फोटो :हरिभूमि

जिला न्यायिक परिसर के थोड़ी ही दूरी पर व हुडा सेक्टर 3 में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) द्वारा कभी भी सफाई न करने से कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। हालात यह है कि कूड़े के ढेर से उठने वाली दुर्गंध से न केवल पास के कोर्ट काम्पलैक्स में आने वाले लोग बल्कि साथ लगते बड़े अस्पताल के मरीजों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे में लोगों ने एचएसवीपी से मांग की है कि वह शीघ्र ही यहां से कूड़े के ढेर को हटवाएं ताकि लोग आराम से रह सकें।

हुडा सेक्टर 3 के शॉपिंग काम्पलैक्स के अलावा मॉडल टाऊन में पपीहा पार्क के सामने इन दिनों फास्ट फूड की दर्जनों दुकानें खुली हुई हैं। इसके साथ ही यहां शराब का ठेका व आसपास चिकन की दुकानें भी हैं। शाम ढलते ही यहां कारों की भीड़ लग जाती है और लोग कारों में बैठकर इन दुकानों से फास्ट फूड आर्डर करते हैं। अक्सर यह फास्ट फूड डिस्पोजल में ही सर्व किया जाता है। कार सवार लोग इन्हें प्रयोग करने के बाद कूड़े को कार के बाहर ही सडक़ पर फैंक देते हैं, जिस कारण सुबह यहां गंदगी के ढेर लग जाते हैं। बात यहां तक भी नहीं रूकती, अगली सुबह फास्ट फूड के दुकानदार व चिकन विक्रेता अपनी दुकानों के आगे फैंके गए डिस्पोजल व अन्य कूड़ा-कर्कट को एकत्रित कर नेशनल हाइवे पर फैंक देते हैं। यहां तक कि हाइवे के साथ लगती ग्रीन बैल्ट में भी कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। शहर का सबसे बड़ा सद्भावना अस्पताल इसी क्षेत्र में है। इस अस्पताल में आने वाले मरीज व डॉक्टर गंदगी से उठने वाली दुर्गंध से परेशान है। इसी समस्या से साथ लगते कोर्ट काम्पलैक्स में आने वाले वकील व अन्य लोग भी परेशान हैं। लोगों का कहना है कि रेगुलर सफाई न होने के कारण कूड़े के ढेर से उन्हें काफी परेशानी होती है। इसको लेकर वे कई बार अधिकारियों को शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई कार्यवाही न होने से उनमें काफी रोष है। बता दें कि इस ग्रीन बैल्ट के रखरखाव के लिए नगरपरिषद संस्थाओं को लाखों की पेमेंट कर रही है लेकिन हालात यह है कि सद्भावना अस्पताल से लेकर एमएम कॉलेज में ग्रीन बेल्ट गंदगी व झाड़ फूस से अटी पड़ी है।

### नप का कार्य क्षेत्र लघु सचिवालय तक : महेश

नगरपरिषद का कार्य क्षेत्र लघु सचिवालय तक है। इसके बाद सफाई का जिम्मा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का है। इसके लिए एचएसवीपी अलग से टैंडर निकालता है और उनके सफाई कर्मचारी अलग काम करते हैं। नगरपरिषद के अधिकार क्षेत्र में आने वाले स्थानों पर नियमित कूड़ा उठाया जा रहा है।

-महेश कुमार, सफाई निरीक्षक नगरपरिषद फतेहाबाद

फतेहाबाद। प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

## श्रद्धालुओं ने मांगी मन्नतें

# फाल्गुन की चांदनी दशमी पर श्रद्धालु पहुंचे रामदेवरा, जोत हुई प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फाल्गुन माह की चांदनी दशमीं के उपलक्ष्य में श्रद्धालु श्री बाबा रामदेव सेवा समिति की ओर से संचालित शक्ति नगर स्थित प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा में पहुंचे और बाबा रामदेव महाराज के दरबार में नारियल ध्वजा चढ़ाकर माथा टेका। श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव महाराज की परिक्रमा करते हुए बाबा रामदेव महाराज की महिमा में जय बाबा री, जय रूणेचा धाम की, जय रामसा पीर की के जयकारे लगाकर आसपास के माहौल को धार्मिक कर दिया। बाबा रामदेव महाराज की पावन व सांची जोत प्रज्ज्वलित होते ही श्रद्धालुओं ने जोत के दर्शन कर मन्नतें मांगी। बाबा रामदेव महाराज के संध्या आरती के उपरांत बाबा रामदेव महाराज को चूरमा, मेवा, मिष्ठान, नारियल व बताशें आदि को भोग लगाकर प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। श्री बाबा रामदेव सेवा समिति के प्रधान रमेश जोईया ने समिति सदस्यों के साथ बाबा रामदेव महाराज को फूलों की माला अर्पित कर क्षेत्र सुख, शांति व समृद्धि का कामना की। रमेश जोइया ने बताया कि मंदिर रामदेवरा में हर माह की चांदनी दूज व चांदनी दशमी को बाबा रामदेव महाराज की विशेष रूप से पूजा अर्चना व अराधना की जाती है, जिसमें श्रद्धालु पूरी आस्था से भाग लेते है। इस मौके पर राकेश जोइया, कमलकांत डाबी, किशन लाल चौहान, आर्यन आहूजा, नमन मोंगा, मनोज चायल, वीरेंद्र बाली मितल, हरीश गहलोत, पारूल जोइया, सोनू शर्मा आदि मौजूद रहे।

बाबा रामदेव महाराज के दरबार में नारियल ध्वजा चढ़ाकर माथा टेका

# जिला जेल में शिविर में 113 कैदियों की हुई जांच

**सिरसा।** जिला जेल में रविवार को नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कैंप में कुल 113 कैदियों की जांच की गई व 47 को निशुल्क चश्मे भी वितरित किए गए। साथ ही, आवश्यक दवाइयां भी मुफ्त वितरित की गईं। कैंप के दौरान डॉ. दीपिका नेत्र एंड ग्लूकोमा केयर सेंटर से डॉ. दीपिका बंसल की टीम राजकुमार, साहिल सोनी, सुमन, निर्मल सिंह, दीपक सोनी ने नेत्र जांच करते हुए आंखों की देखभाल संबंधी जानकारी प्रदान की। जेल अधीक्षक जसवंत सिंह ने बताया कि जिला जेल में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें करीब 113 कैदियों के आंखों की जांच की गई है। शिविर के दौरान दवाइयां और 47 कैदियों को चश्में भी निःशुल्क प्रदान किए गए हैं। जिला जेल में समय-समय पर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाते हैं, ताकि सभी अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। नेत्र जांच शिविर के दौरान उप अधीक्षक मोहन सिंह व वरूण गोदारा, रोशनलाल, देवीलाल सावक बिश्नोई, काउंसलर चंद्रपाल झोरड़, बिंदरपाल आदि मौजूद रहे।

## गांव धौलू में जिला स्तरीय कृषि मेले का आयोजन

# पराली को जमीन में मिलाने से जमीन की बढ़ती उर्वरा शक्ति, किसानों को लाभ : डॉ. बलवान सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा जिला स्तरीय कृषि मेले का आयोजन

फतेहाबाद। कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा आयोजित कृषि मेले में भाग लेते किसान।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के अधीनस्थ कृषि विज्ञान केन्द्र फतेहाबाद द्वारा पराली प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत भूना के गांव धौलू में फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर जिला स्तरीय कृषि मेले का आयोजन किया गया। इस मामले में एचएयू से विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बतौर मुख्यअतिथि भाग लिया और किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कृषि मेले में 500 से अधिक किसानों ने भाग लिया। मेले में पराली प्रबंधन से सम्बंधित विभिन्न स्टाल व कृषि यंत्र भी प्रदर्शित किए। किसानों को संबोधित करते हुए डॉ. बलवान सिंह मंडल ने पराली को न जलाने व इसको विभिन्न यंत्रों की सहायता से जमीन में मिलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पराली को मृदा में मिलाने से मृदा की उर्वरा शक्ति बढ़ती है और लाभदायक सुक्ष्म जीवाणुओं की संख्या बढ़ती है।

### विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी

कृषि विज्ञान केन्द्र फतेहाबाद के वरिष्ठ समन्वयक डॉ. बीएस बैनीवाल ने केन्द्र द्वारा किसान हितों को लेकर चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। मृदा वैज्ञानिक डॉ. संतोष कुमार सिंह ने मृदा में घटते पोषक तत्वों के बारे में किसानों को जानकारी दी और कहा कि पराली को जमीन में मिलाने से जैविक कार्बन और अन्य पोषक तत्वों की मात्रा में बढ़ोतरी होती है। इससे जमीन के भौतिक, रसायनिक व जैविक गुण भी बढ़ते हैं। डॉ. ओमप्रकाश ने आगामी खरीफ फसलों के बारे में किसानों को बताया वहीं डॉ. अमित कुमार ने सब्जियों में पराली के सद्‌उपयोग के बारे में जानकारी दी। डॉ.अनु वर्मा ने रबी व खरीफ फसलों में आने वाले कीड़ों व बीमारियों की रोकथाम के बारे में बताया तथा इंजीनियर नीरज नागर ने विभिन्न कृषि यंत्रों पर विभाग द्वारा दिए जा रहे अनुदान बारे जानकारी दी। बागवानी अधिकारी डॉ. पवन व डॉ. घनश्याम ने बागवानी विभाग की योजनाओं पर प्रकाश डाला।

# होली पर्व को लेकर जिला पुलिस अलर्ट पर, सुरक्षा के कड़े प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

होली के त्यौहार को लेकर जिला पुलिस ने जहां सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं, वहीं पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने जिला के सभी नागरिकों को होली के पावन पर्व पर बधाई देते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामना भी की है। होली के पावन पर्व को लेकर जिला पुलिस ने सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए हैं, वहीं बुलेट बाइक से पटाखे छोडक़र दहशत फैलाने वालों तथा तेज गति से बाइक तथा अन्य वाहन चलाकर हुड़दंगबाजी कर शांति भंग करने वालों के साथ पुलिस सख्ती से निपटेगी। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला की यातायात पुलिस सहित सभी थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। होली के पावन पर्व को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर समस्त जिला पुलिस जहां सुरक्षा की दृष्टि से पूरी तरह अलर्ट मोड पर है, वहीं पर असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने तथा उन पर नजर रखने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया गया है।

### ये भी दिए निर्देश

*पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि संदिग्ध मार्गों के साथ-साथ जिला के साथ लगती पंजाब व राजस्थान सीमा पर भी विशेष सावधानी व चौकसी रखी जाए तथा वहां से गुजरने वाले प्रत्येक व्यक्ति व वाहन को चेककर संदिग्धों पर पैनी नजर रखी जाए। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सिरसा, ऐलनाबाद, रानियां, बड़ागुढा तथा चोपटा कस्बों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में होली के पावन पर्व पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर सुरक्षा के और अधिक कड़े प्रबंध किए जाएंगे।*

## कबड्डी टूर्नामेंट संपन्न

# ओपन कबड्डी टूर्नामेंट में गोरखपुर की टीम ने 1 लाख रुपये की राशि व ट्रॉफी पर किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढ़ा



सिरसा। विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते हुए कमेटी सदस्य।

शहीद उधम सिंह स्पोर्ट्स क्लब ओढ़ा द्वारा आयोजित कबड्डी टूर्नामेंट संपन्न हो गया। ओपन कबड्डी में गोरखपुर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त करके 1 लाख रुपये नगद व ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। दूसरे स्थान पर भगता भाई की टीम ने द्वितीय इनाम 71 हजार रुपये व ट्रॉफी जीती। सेमीफाइनल के पहले मुकाबले में भगताभाई के साथ बछोआना के मैच में भगताभाई ने जीत हासिल की। दूसरे मैच में भागीबांदर का मुकाबला गोरखपुर के साथ हुआ जिसमें गोरखपुर विजेता बनी। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में भगता भाई का टकराव गोरखपुर के साथ हुआ जिसमें भगता भाई की टीम ने 9 अंक प्राप्त किए। इसके मुकाबले में गोरखपुर ने 14.5 अंक लेकर प्रथम इनाम 1 लाख रुपए और ट्रॉफी जीत ली और भगता भाई की टीम को दूसरा इनाम 71 हजार रुपए व ट्रॉफी के साथ संतोष करना पड़ा। कबड्डी टूर्नामेंट कमेटी सदस्यों ने प्रथम व द्वितीय स्थान पर रही टीमों को नगद राशि व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस टूर्नामेंट में स्वर्गीय धर्म सिंह मल्हान परिवार की ओर से 1 लाख रुपए का सहयोग किया गया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर संत बाबा गुरपाल सिंह चोरमार, गुरमीत सिंह तिलोकेवाला, काका सिंह मस्तूआना, निर्मल सिंह हैडग्रंथी फग्गु, हरिनदर दास मुक्तसर साहिब, हरियाणा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सदस्य प्रकाश सिंह साहुवाला, बिंदर सिंह खालसा कालांवाली, अमृतपाल सिंह ओढ़ा, कर्ण सिंह चौटाला चेयरमैन जिला परिषद, नछत्तर सिंह मल्हान प्रदेश सचिव इनेलो पार्टी, बलदेव सिंह मांगेआना भाजपा हल्का डबवाली इंचार्ज, यादविन्द्र समाग मुक्तसर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व गांववासी उपस्थित रहे।

### शिविर में 500 लोगों के जांची आंखें

**सिरसा।** श्री कृष्ण मानव कल्याण समिति सिरसा द्वारा गुरुद्वारा सिंह सभा जेजे कॉलोनी में विशाल निःशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित किया गया। शिविर में 500 मरीजों की जांच हुई। संस्था के प्रधान राजेंद्र बजाज एडवोकेट ने बताया कि कैंप में डॉ. तनुज मेहता एमडी राजपाल बैनीवाल, डॉ. आदिश जैन, डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. स्वाति गर्ग, डॉ. राजेश गोदारा ने मरीजों की जांच की और उन्हें परामर्श दिया। कैंप में निपुण डॉक्टरों द्वारा रोगियों की जांच की गई और संस्था की ओर से सभी मरीजों को निःशुल्क दवाएं दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान रमेश मेहता ने की।

## आरओ व पुलिस अधीक्षक ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# जाखल नगरपालिका चुनाव : कल सुबह आठ बजे होगी मतगणना, सुरक्षा के किए कड़े प्रबंध

## राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में होगा गणना का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



निरीक्षण करते आरओ और एसपी

जिले की जाखल नगरपालिका के सम्पन्न हुए चुनावों की मतगणना 12 मार्च को सुबह 8 बजे शुरू होगी। मतगणना को लेकर जहां चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों में काफी उत्सुकता देखी जा रही है वहीं मतगणना को लेकर जिला प्रशासन द्वारा भी कड़े प्रबंध किए गए हैं। रिटर्निंग अधिकारी एवं टोहाना एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने नगरपालिका जाखल आम चुनाव के लिए राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी व डीएसपी टोहाना उमेद सिंह भी मौजूद रहे। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने बताया कि नगरपालिका जाखल अध्यक्ष पद व पार्षदों के चुनाव के लिए मतगणना 12 मार्च को सुबह 8 शुरू की जाएगी।

### 4-4 टेबल लगाई जाएंगी तथा 4 राउंड में होगी गणना

उन्होंने बताया कि मतगणना के लिए 4-4 टेबल लगाई जाएगी तथा 4 राउंड में मतों की गणना की जाएगी। मतगणना केंद्र की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। सुरक्षा दस्ता तैनात किया गया है। किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति के प्रवेश पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ने सुरक्षा के इंतजाम का भी जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मतगणना स्थल पर सभी तैयारियां पूर्ण करने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी व कर्मचारी अपने कार्य को अच्छी तरह समझे।

# नप चुनाव: मतगणना 12 को 200 से अधिक कर्मचारी तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

नगर परिषद सिरसा के चेयरमैन व वार्ड पार्षद के चुनाव की मतगणना में 200 से अधिक कर्मचारियों की ड्यूटियां निर्धारित की गई है। मतगणना स्थल पर तीन ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए हैं। चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल में 12 मार्च को सुबह आठ बजे मतगणना शुरू होगी। कर्मचारियों को सुबह छह बजे से पहले मतगणना केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य है। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम राजेंद्र कुमार ने बताया कि वार्ड पार्षद के लिए एजेंट के वाहनों की पार्किंग लाइब्रेरी भवन के पास की गई है। वहीं प्रधान पद के मतगणना एजेंट के वाहनों के लिए पार्किंग स्थल गर्ल्स होस्टल के साथ खाली मैदान में बनाया गया है। उन्होंने बताया कि मतगणना कार्य से जुड़े एजेंटों को मतगणना शुरू होने से पहले मतगणना हॉल में प्रवेश करना होगा। 12 मार्च को रहेगी धारा 163 सिरसा नगर परिषद के चेयरमैन व सभी वार्ड सदस्य पद के चुनाव की मतगणना के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधीश शांतनु शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 की प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किए हैं।

हरिभूमि
# सहेली






होली सिर्फ रंगों का पर्व नहीं है, यह जीवन में उत्साह-उमंग और नई खुशियां भरने वाला, रिश्तों में स्नेह-प्रेम के रंग सजाने वाला पर्व भी है। स्त्रियों के लिए तो यह पर्व और भी ज्यादा महत्व रखता है, क्योंकि वे परिवार-समाज में मधुरता बनाए रखने में विश्वास करती हैं, इस लिहाज से उनके लिए होली का पर्व बहुत अच्छा अवसर है।

# होली लेकर आई खुशियों के रंग

आवरण कथा

**सरस्वती रमेश**

होली के रंगों में जीवन का उल्लास होता है, तरंग होती है। इसीलिए फाग के गीत भी होंठों पर अनायास आ जाते हैं। कानों में ढोल-मंजीरे की झंकार गूंजने लगती है, लोग थिरक उठते हैं। आंखों के आगे अबीर, गुलाल उड़ने लगता है। होली में तन-मन रंगों से भीगकर सतरंगा हो जाता है। हम सौभाग्यशाली हैं, जो हमारे पास रंगों का एक ऐसा अनोखा और प्यारा पर्व है। लेकिन बात वास्तव में तब बनेगी, जब ऐसे रंगमय, स्नेहमय, प्रेममय और संगीतमय त्योहार की रंगत को हम जीवन में उतारें। अपने घर-परिवार, रिश्ते-नाते सबको प्रेम के रंग में रंगकर दूसरों के साथ किसी प्रकार की कड़वाहटों और मनमुटाव को दूर करें। सबके प्रति सकारात्मक भाव रखें।

## स्त्री जीवन है विविध रंगों की रंगोली



देखा जाए तो स्त्रियों का जीवन विविध रंगों से बनी एक खूबसूरत रंगोली है। क्योंकि इनकी दुनिया रंगों के खूबसूरत मेल से ही बनती है। मायका, ससुराल, परिवार, मातृत्व, रिश्ते-नाते, आस-पड़ोस और सामाजिक जिम्मेदारियां, ये सब स्त्री-जीवन के इंद्रधनुष में सजे रंग ही तो हैं, जिसे वे जीती हैं। हर रंग की अपनी अहमियत है, भूमिका है, चमक है। कोई एक रंग भी फीका पड़ जाए तो स्त्रियों के जीवन के साथ ही, परिवार के हर सदस्य पर इसका प्रभाव पड़ता है। हर किसी के जीवन में कठिनाइयां और पीड़ाएं आती हैं। इसलिए स्त्री अपने जीवन के इंद्रधनुषीय रंगों को सहेजकर रखती है। हर हाल में उसकी चमक बनाए रखने की कोशिश करती है। फिर चाहे आर्थिक जिम्मेदारियों से जुड़ा स्वावलंबन का रंग हो या फिर घर के बड़े-बुजुर्गों की सेवा का रंग, स्त्री कभी पीछे नहीं हटती है। रंगों से मिलने वाली ऊष्मा को स्त्री स्वयं तो धारण करती ही है, अपने परिवार के सदस्यों को आपस में जुड़ने का मार्ग भी प्रशस्त करती चलती है।

## साथ का महत्व बताती है होली

होली का त्योहार हमारे जीवन में व्याप्त सारी कड़वाहटों को दूर करने के लिए आता है। यह पर्व हमें परिवार के साथ का असली महत्व बताता है। जब परिवार की सारी स्त्रियां, पुरुष और बच्चे मिलकर गुझिया, मिठाइयां, पापड़, नमकीन बनाते हैं। घर की स्त्रियां साथ मिलकर होली पूजन के लिए जाती हैं, एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए रंग-गुलाल लगाती हैं, तभी होली अपने असली मधुर रूप में दिखती है। इस तरह सबके साथ स्नेह-प्रेम के रंग में भीगने के बाद स्त्री-पुरुष हर कोई मन की सारी कड़वाहट भूल जाता है। परिवार, आस-पड़ोस में हुए मनमुटाव, तनातनी सब रंगों में धुल जाते हैं। जीवन की परेशानियों से मुकाबला करने के लिए हम नई ऊर्जा से सराबोर हो उठते हैं। हंसता-गाता मन, जीवन जीने के लिए हमारे भीतर नई उमंगें भर देता है। इसी को तो कहते हैं जीवन में विविध रंग भरने वाली होली, अपनेपन के अहसास से भरने वाली होली।



## कम न हो खुशियों की बौछार

होली के रंग जीवन में उजास भरते हैं। हम स्त्रियों का रंगों के इस उजास को जीवन में उतारना बहुत जरूरी है। कारण, वर्तमान समय में एक स्त्री की भूमिका बहुत विस्तृत हो चुकी है। इसलिए उसे तरह-तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में एक स्त्री के लिए अपने मन को सकारात्मक विचारों के रंग से सराबोर रखना, जीवन में उल्लास की रंगीन बौछारों की नमी बनाए रखना, परिवार में उमंग-तरंग बनाए रखना बहुत जरूरी है। जीवन में हर्ष और अपनों के बीच आत्मीयता का भरपूर रंग हो तो जीवन हंसी-खुशी कट जाता है, जिंदगी आसान हो जाती है। बाधाएं हमें आगे बढ़ने से रोक नहीं पातीं। ऐसे में खुशियों को सेलिब्रेट करने के मौके बार-बार आते हैं। परिवार के हर सदस्य का जीवन, तरह-तरह के रंगों में रंगकर खूबसूरत और जीवंत हो जाता है।

## खुशियों के रंग कभी न हों फीके

उड़ता गुलाल और रंगों में रंगे खिलखिलाते चेहरों को देखकर हर किसी का मन खुशी से झूम उठता है। अपनी रोज-रोज की नीरस दिनचर्या से ऊबी घर की स्त्रियां होली के बहाने ही सही, थोड़ी मस्ती, थोड़ा धमाल करके हंसी की फुहारों से तरोताजा हो जाती हैं। दरअसल, होली बचपन के खिलंदड़ेपन को फिर से जीने का अहसास है। यह अहसास मन में जीने की उमंग भरता है। तभी तो होली के रंग आज भी उतने ही चटख हैं, जितने पहले हुआ करते थे। होली का संदेश भी यही है कि हमारे जीवन में खुशियों के रंग कभी फीके न हों।

आइए, हम भी होली के अवसर पर प्रेम-स्नेह की रंगी फुहारों में भीगकर उमंगित-तरंगित हों, जीवन में नए रंग भरें। सबको होली की शुभकामनाएं...

# रंगों को समझें रंगों में उतरें

होली पर्व का निहितार्थ देखा जाए तो बहुत गहरा है। यह पर्व यही कहता है कि दूसरे के रंगों में रंगने के साथ उनको अपने रंग में भी रंगो। मतलब हम एक-दूसरे को आत्मसात करें, रंगों के बहाने अपने रिश्तों में प्रेम-स्नेह घोलें, प्रगाढ़ बनाएं। होली का पर्व हमें प्रकृति से भी जोड़कर हमारे जीवन में उत्साह-उमंग भरता है, ऊर्जावान बनाता है।

पर्व निहितार्थ

**चेतना झा**



***अंबर ने ओढ़ी है तन पर चादर नीली-नीली/ हरित धरित्री के आंगन में सरसों पीली-पीली/ सिंदूरी मंजरियों से है अंबा शीश सजाए/ रोलीमय संध्या ऊषा की चोली है/ तुम अपने रंग में रंग लो तो होली है।***

हरिवंश राय बच्चन की ये कितनी सारगर्भित पंक्तियां हैं। कभी अपने रंग को पहचानना तो कभी औरों के रंग में रंग जाना, कभी अपने रंग में सराबोर कर देना, जिंदगी की सार्थकता इसी में है। होली तो बहाना है, रंगों को समझने का, रंगों में उतरने का।

**प्राकृतिक रंगों का आनंद:** कभी काम का बहाना तो कभी समस्याओं का रोना, सच तो यह है कि सूर्योदय-सूर्यास्त के समय धरती-आसमान के सुंदर रंगों से हम अंजान हो रहते हैं। प्रकृति ने कितने खूबसूरत रंगों से सजा रखी है धरती। कहीं दूर तक नीला आसमान, तो कहीं पेड़ों की हरितिमा। पक्षियों के पंखों से फूलों की पंखुड़ियों तक कितने सुंदर और विलक्षण रंग हैं। पलाश-टेसू से ट्यूलिप-यलो एलडर तक। प्रकृति के कैनवस पर फैले इन रंगों को समझने, उस पर मुग्ध होने के लिए दौड़ती-भागती जिंदगी में कुछ पल ठिठकना जरूरी है। रंगों का त्योहार होली हमें यही संदेश देता है। इस साल हम कुछ इसी संकल्प के साथ मनाएं होली कि जिंदगी से प्रकृति के रंगों को दूर नहीं होने देंगे। अपनी जिंदगी में रंग बटोरेंगे तो अपनों की जिंदगी में भी रंग बिखेरेंगे। कभी थोड़ा ठहर कर किसी अनजान की उदास जिंदगी में भी चुटकी भर रंग भरने की कोशिश करेंगे हम। यकीनन ये रंग हमारी जिंदगी में सुकून बिखेरेंगे।



**समझें रंगों का अर्थ:** रंगों का हमारे दिलोदिमाग पर कितना असर पड़ता है, यह विज्ञान साबित कर चुका है। प्रकृति का हर रंग कुछ कहता ही नहीं, बहुत कुछ करता भी है। जैसे सफेद रंग को ही लें तो यह शांति की बात कहता है। अगर परिवेश में सफेद रंग की कमी होती है तो अशांति पसरती है। उसी तरह लाल रंग जोश-उमंग का रंग है। लाल वस्त्र पहने लोग आम लोगों की अपेक्षा खुद के भीतर अधिक जोश का आभास कराते हैं। रंगों के जानकारों का कहना है कि परिवेश में लाल रंग की कमी आलस्य और जड़ता को जन्म देती है। अगर आपको क्रोध अधिक आता है तो अपने कपड़ों, दीवारों के रंग, चादर, पर्दों के रंगों में नीला रखिए। रंग विशेषज्ञों का कहना है कि नीले रंग की कमी से क्रोध अधिक आता है। उपाय भी बताते हैं कि शांत जगह पर आंखें बंद कर बैठ जाएं और अनुभव करें कि चारों ओर नीलिमा फैली है। दूर तक फैले नीले आसमान को बंद आंखों से मुग्ध होकर निहारिए। यकीनन मन को शांति-सुकून मिलेगा।

**रिश्तों को करें तरोताजा:** जीवन में होली का महत्व कई रंगों से सजा है। यह उत्सव सामाजिक-पारिवारिक संबंधों को तरोताजा करने का एक खूबसूरत बहाना है। देखिए न, होली पकवानों को बनाने और अपनों को खिलाने का त्योहार है। मिलने-मिलाने का त्योहार है। निर्मल होकर दूसरों के रंग में रंगने और खुद के रंग से दूसरों को सराबोर कर देने का खूबसूरत मौका है। तो इस होली बचपन की तरह निर्मल होकर उत्सव मनाने का प्रयास करें। खाना-खिलाना तो अपनी जगह है, अबकी बचपन की तरह जी भर के रंग खेल कर देखिए। निराशा परे छटेगी। हताशा पर उमंग का रंग चढ़ेगा। यकीनन, आपके भीतर एक नई ऊर्जा भरेगी। रंग खेलने से केवल आपका शरीर ही रंगों से सराबोर नहीं होता, भीतर भी रंग हमारे आवेगों और मन को तरंगित करते हैं।

हेयर केयर

**ललिता गोयल**

# तब रंगों से आपके बाल नहीं होंगे खराब

होली पर रंगों से खेलने में मजा तो खूब आता है। लेकिन अगर सावधानी न बरती जाए तो रंग खेलने के बाद बालों से रंग छुड़ाने में बहुत परेशानी होती है। इससे बालों को बहुत नुकसान भी होता है। आजकल मार्केट में मिलने वाले रंग और गुलाल में कई केमिकल्स मौजूद होते हैं, जिससे बाल रूखे-बेजान हो जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि होली खेलने से पहले बालों की सही तरीके से केयर की जाए।

**प्रॉपर ऑयलिंग:** इस बात का ध्यान रखें कि होली पर रंग खेलते समय आपके बाल सूखे न रहें। दरअसल, मार्केट में मिलने वाले अधिकतर रंगों में केमिकल मिले होते हैं। ऐसे रंग अगर सूखे बालों में पड़ जाएं तो इससे वो कमजोर होने लगते हैं। इसलिए अपने बालों को नुकसान होने से बचाने के लिए सरसों, बादाम, जैतून या नारियल का तेल जरूर लगाएं। होली खेलने से एक घंटे पहले बालों में तेल लगाएं। इससे स्कैल्प के ऊपर एक प्रोटेक्टिव लेयर बन जाती है, बालों को पोषण मिलता है और स्कैल्प में कलर्स एब्जॉर्ब भी नहीं होते हैं। इससे रंग खेलने के बाद शैंपू करने पर आसानी से रंग निकल जाता है। बालों को खराब होने से बचाने के लिए तेल घर पर भी बनाया जा सकता है। यह तेल गुड़हल के फूल, नारियल तेल और लौंग को मिलाकर पकाकर बनाया जाता है। इस तेल से मसाज करने से बालों की कंडीशनिंग होती है, जड़ें मजबूत होती हैं।



**बांधकर रखें:** होली खेलते समय बालों को खुला ना छोड़ें। खुले बालों में रंग ज्यादा एब्जॉर्ब होता है, जिससे सिर की त्वचा पर एलर्जी हो सकती है।

**ढंककर रखें:** होली खेलने से पहले बालों को बांधने के साथ कैप लगा लें। स्कार्फ या दुपट्टे से भी बालों को ढंक सकती हैं। ऐसा करने से स्कैल्प डैमेज नहीं होगा और स्किन तक कलर नहीं पहुंचेगा। इससे बालों को एक्स्ट्रा प्रोटेक्शन भी मिलेगी।

होली पर रंग खेलने से पहले ही नहीं रंग खेलने के बाद भी बालों की देखभाल की जरूरत होती है।

**शैंपू-कंडीशनर लगाएं:** रंग, बालों को रूखा और बेजान करते हैं। इसके साथ ही केमिकल वाले रंग से सर की स्किन पर एलर्जी या ड्राइनेस हो सकती है। इससे बचने के पहले बालों को साफ पानी से अच्छी तरह धोएं और उसके बाद केमिकल फ्री शैंपू का इस्तेमाल करें। इससे ऊपरी परत से रंग हट जाएगा। इसके बाद शैंपू करें और फिर कंडीशनर लगाएं। इससे बालों में लगा रंग हट जाएगा। अगर सूखे रंगों से होली खेली है तो खेलने के बाद बालों को ब्रश कर लें।

**(हेयर एक्सपर्ट डॉ. महिमा से बातचीत पर आधारित)**

डाइट सजेशन

**डॉ. अदिति शर्मा**
न्यूट्रिशनिस्ट-कोलंबिया एशिया हॉस्पिटल, एनसीआर

होली के अवसर पर तरह-तरह के व्यंजन खाए-खिलाए जाते हैं। लेकिन डाइट को लेकर कॉन्शस रहना जरूरी है। जरा सी लापरवाही से आप बीमार भी हो सकती हैं। किन बातों का रखें ध्यान, जानिए।

# होली के उमंग में डाइट का रखें ध्यान

होली के मौके पर लोग खूब खाते-पीते हैं, खुशियां मनाते हैं। लेकिन इस दौरान खान-पान में होने वाली जरा-सी लापरवाही आपकी हेल्थ को बिगाड़ सकती है। ज्यादा मिर्च-मसाले और घी-तेल वाले व्यंजन खाने से एसिडिटी, फूड प्वॉइजनिंग, ब्लड शुगर और बीपी बढ़ने जैसी समस्याएं आमतौर पर देखी जाती हैं। इसलिए होली के अवसर पर यह बहुत जरूरी है कि खान-पान के मामले में आप पूरी सजगता बरतें और संतुलित आहार लें।

**तला-भुना और मीठा खाने से बचें:** होली के अवसर पर लोग गुझिया, पकौड़े, कचौरी, मिठाइयां और मैदे से बने व्यंजन खूब खाते हैं। इससे अपच, गैस, एसिडिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसकी वजह से कई बार कोलेस्ट्रॉल भी बढ़ जाता है। अधिक मीठे के सेवन से शुगर लेवल भी बढ़ सकता है। इन समस्याओं से बचने के लिए ऐसी गरिष्ठ चीजों का सेवन संतुलित मात्रा में करें।



**देर तक खाली पेट न रहें:** त्योहार के दौरान काम की व्यस्तता की वजह से कई महिलाएं लंबे समय तक खाली पेट रहती हैं। इससे उन्हें गैस, एसिडिटी जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। ऐसी समस्याओं से बचने के लिए कुछ घंटे के अंतराल पर नट्स, ड्राई फ्रूट्स और भुने चने जैसे हेल्दी स्नैक्स खा सकती हैं। भुने मखाने का सेवन भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसलिए त्योहार के दौरान काम-काज के बीच जब भी हल्की भूख लगे, तो समय निकाल कर भुने मखाने का सेवन कर सकती हैं।

**पर्याप्त मात्रा में पीएं पानी:** होली के अवसर पर अधिकतर लोग तली-भुनी चीजें तो अधिक मात्रा में खाते हैं, पर उस अनुपात में पानी नहीं पीते हैं। इससे उनका शरीर डीहाइड्रेट हो जाता है। इस समस्या से बचने के लिए भरपूर मात्रा में पानी पीएं। पानी के अलावा आप जूस, छाछ, लस्सी, नीबू पानी जैसे तरल पदार्थ का सेवन भी कर सकती हैं। फलों का जूस भी पी सकती हैं।



**तेल-घी दोबारा न करें यूज:** त्योहार के अवसर पर कुछ भी डीप फ्राई करना हो तो उसके लिए कड़ाही में उतना ही तेल या घी डालें, जिससे तलने के बाद वो खत्म हो जाए। एक बार फ्राई के लिए यूज किए गए तेल को बार-बार गर्म करके उसका यूज करने से उसमें कार्बन मोनोऑक्साइड नामक गैस बनती है, जो सेहत के लिए नुकसानदायक होती है। इसलिए तेल या घी का दोबारा यूज न करें।

होली के दौरान खान-पान के मामले में अगर आप यहां बताई गई बातों का ध्यान रखेंगी तो आप और आपकी फैमिली को हेल्थ संबंधी कोई प्रॉब्लम नहीं होगी।

**प्रस्तुति: विनीता**

### इन बातों का रखें ध्यान

- त्योहार के दौरान बाजार में मिलावटी डिशेज भी मिलती हैं, जो सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक होती हैं। बाजार से रेडीमेड डिशेज खरीदने के बजाए, घर पर ही बनाएं।
- एल्कोहल, भांग जैसी नशीली चीजों से दूर रहें। इनके बजाए, लस्सी, ठंडाई, कांजी पिएं। ये पाचन के लिए भी फायदेमंद होते हैं।
- कई बार लोग लापरवाही में रंग लगे हाथों से खाना शुरू कर देते हैं। इससे फूड पॉइजनिंग का खतरा रहता है। ऐसी समस्या से बचने के लिए कुछ भी खाने से पहले अच्छी तरह हाथ धोना न भूलें।
- अगर आपने दिन में ज्यादा खा लिया है तो रात को सूप, सलाद और सैंडविच जैसी हल्की-फुल्की चीजों का ही सेवन करें।

भावनाएं

# पिया के संग पहली होली

शादी के बाद पिया के संग पहली होली का अहसास बहुत ही प्यारा होता है। अगर परिवार का भी साथ हो तो ये अहसास और ज्यादा प्यारे और मधुर हो जाते हैं। फिल्म एक्ट्रेस कियारा आडवाणी और अंकिता लोखंडे **सहेली** को बता रही हैं, शादी के बाद उनकी पहली होली कैसी रही? साथ ही यह भी बता रही हैं कि इस बार उनकी होली पर क्या स्पेशल प्लानिंग है?

## विक्की ने जब मुझे फूलों से बने रंगों से रंग दिया था : अंकिता लोखंडे



**शादी से** पहले मैं जितनी सीरियस रहती थी, विक्की से शादी होने के बाद उतनी ही मस्तीखोर हो गई हूं। अगर मैं कहूं कि फिल्मी अदाओं के साथ मस्ती-मजाक करती हूं तो कहना गलत नहीं होगा। मेरे पति विक्की ने मुझे इतना प्यार और सम्मान दिया कि मैं अपने आपको राजकुमारी समझती हूं। शादी के बाद पहली होली मैंने अपने ससुराल बिलासपुर में मनाई थी। वहां बहुत ही रीति-रिवाज के साथ होली का पर्व मनाया जाता है। उस वक्त मेरे लिए यह सब बहुत ही नया था, लेकिन मेरी सासू मां और ससुराल वालों ने मुझे इतना प्यार दिया कि मेरे लिए वह होली यादगार हो गई। खासतौर पर विक्की ने मुझे फूलों से बने रंगों से रंग दिया था। शादी के बाद पहली होली मैंने विक्की के साथ फुल रोमांटिक स्टाइल में मनाई थी, यह होली मेरे लिए सबसे यादगार रही। क्योंकि विक्की भी मुझसे बहुत प्यार करते हैं, इसलिए होली पर उन्होंने मुझे रंग लगाने और मेरे नखरे उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। आज भी हम लोग होली बहुत जोरदार ढंग से मनाते हैं। विक्की को पार्टी का बहुत शौक है। इसलिए वह हर होली पर स्पेशल पार्टी का अरेंजमेंट करते हैं, जिसमें हमारी फैमिली वाले और सारे दोस्त शामिल होते हैं। इस साल भी हम होली को धूमधाम से मनाएंगे। अबकी हम होली दो बार मनाएंगे, एक तो कलर्स के कुकिंग शो 'लाफ्टर शेफ' के सेट पर, दूसरी अपने घर पर।



## पूरे परिवार के साथ धूमधाम से मनाएंगे होली : कियारा आडवाणी



**होली का** त्योहार मेरे लिए किसी बड़े जश्न से कम नहीं है। फरवरी में हमारी शादी हुई थी। उसके अगले महीने ही मार्च में होली का त्योहार था, जो मैंने अपने ससुराल और पति के साथ मनाया था। होली की सुबह मैंने सबसे पहले सिद्धार्थ को रंग लगाया था, वह भी तब जब वह गहरी नींद में सो रहे थे। सिद्धार्थ ने उठने के बाद जब अपने चेहरे पर रंग लगा देखा तो उन्हें समझते देरी नहीं लगी कि यह रंग मैंने ही लगाया है। इसके बाद उन्होंने भी मुझे रंग दिया। उस दिन मैंने और सिद्धार्थ ने बहुत जमकर होली खेली थी। इस साल भी हम पूरे परिवार के साथ धूमधाम से होली मनाएंगे। मैं और सिद्धार्थ होली के मौके पर एक अच्छी पार्टी अरेंज करेंगे, जिसमें हमारे दोस्त और रिश्तेदार शामिल होंगे।



**प्रस्तुति : आरती सक्सेना**

## खबर संक्षेप

### जिला में दो स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** जिला में अलग-अलग स्थानों से चोर दो मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव जोधकां निवासी रूलीराम ने बताया कि बीती 6 मार्च को वह डिंग मंडी किसी काम से गया था। वह शादियों में ढोल बजाने का काम करता है। बीती 8 मार्च को वह मोटरसाइकिल घर ले आया था। रात्रि को चोर घर से मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। सुबह उन्हें घटना का पता चला। दूसरे मामले में गांव कंगनपुर निवासी बलविंद्र सिंह अपने बेटे को गुरुनानक नगर में ट्यूशन छोडऩे के लिए गया था। बाइक बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद आया तो मोटरसाइकिल गायब मिली। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से काफी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा, जिसपर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### भट्टूकलां क्षेत्र से युवती लापता, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** जिले के भट्टूकलां क्षेत्र से एक युवती के लापता होने का समाचार है। इस बारे परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में भट्टूकलां निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 18 साल की लडक़ी गत दिवस रात को घर पर बिना बताए कहीं चली गई है और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है। इस पर उन्होंने काफी जगह उसकी तलाश की लेकिन जब उसका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में भट्टूकलां पुलिस ने केस दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

### खेत में लगे ट्रांसफार्मर से हजारों का सामान चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने भट्टूकलां में खेत में लगे ट्रांसफार्मर से हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। इस बारे निगम के एसडीओ ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम भट्टू के एसडीओ विपिन ने कहा है कि बिजली विभाग के कार्यक्षेत्र के अधीन गांव भट्टूकलां में नत्थूराम के खेत से चोरों ने रात को ट्रांसफार्मर का तेल व अन्य सामान चोरी कर लिया है। इससे विभाग को करीब 69 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। इस पर एसडीओ की शिकायत पर भट्टूकलां पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में रतिया पुलिस ने गांव कमाना निवासी जसपाल सिंह की शिकायत पर गांव के अनेक किसानों के खेतों में लगी 13 मोटरों से करीब 750 फुट केबल चोरी होने बारे केस दर्ज किया है।

### पात्रों तक पहुंचाएं जीएसटी एमनेस्टी योजना की जानकारी: गौरव चहल

**फतेहाबाद।** उप आबकारी व कराधान आयुक्त (बिक्री कर) गौरव चहल द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा घोषित की गई जीएसटी एमनेस्टी योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना को हरियाणा सरकार द्वारा भी अधिसूचना के तहत लागू किया गया हैं। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी पात्र करदाताओं तक इस योजना की जानकारी पहुंचाएं ताकि वे इसका अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। इस योजना का लाभ उठाने की अंतिम तिथि 31 मार्च है।

### रिवार्ड के नाम पर महिला से 50 हजार हड़पे

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों ने फतेहाबाद की एक महिला को अपना शिकायत बनाते हुए एसबीआई रिवार्ड प्वाइंट के नाम पर उससे 50 हजार रुपये हड़प लिए। इस बारे पीड़ित महिला की शिकायत पर साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में गुरूनानकपुरा मोहल्ला, फतेहाबाद निवासी कमलजीत कौर ने कहा है कि उसका स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में खाता है। गत दिवस उसके मोबाइल पर एसबीआई बैंक रिवार्ड प्वाइंट का मैसेज आया। इसके साथ एक लिंक भी था। जैसे ही उसने उक्त लिंक पर क्लिक किया तो एसबीआई जैसी साइट खुल गई।

### मांग : प्रदेश में खालों की रिमॉडलिंग 20 सालों की बजाय 10 सालों में की जाए

# 10 सालों से आधी अधूरी पड़ी योजनाओं को आज विधानसभा में उठाएंगे विधायक

### सरकार से योजनाओं के शुरू होने व समस्याओं के हल होने के बारे में जवाब मांगेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र शुक्रवार से शुरू हो गया। बजट सत्र में फतेहाबाद की 10 सालों से आधी अधूरी पड़ी बड़ी योजनाओं व समस्याओं को विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया विधानसभा में उठाएंगे। विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया का कहना है कि पिछले 10 सालों से फतेहाबाद में विकास के नाम पर कुछ नहीं हुआ। वह 2014 में भी विपक्ष के विधायक थे और आज भी विपक्ष के विधायक है लेकिन उनकी हलके के लोगों के प्रति बड़ी जिम्मेवारी हैं कि लोगों की मांगों को उठाकर उन्हें पूरा करवाने का प्रयास करें। विधायक की मानें तो उनकी मांगें 11 मार्च को सदन के पटल पर रखी जाएंगी, जिससे वह सरकार से इन योजनाओं के शुरू होने बाबत व समस्याओं के हल होने बारे जवाब मांगेंगे। विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया की पहली मांग यह है कि फतेहाबाद में सरकारी कॉलेज की घोषणा हुए अरसा बीत गया।

फिलहाल यह कॉलेज गर्ल्ज कॉलेज में चल रहा है। सरकार यह बताए कि इसका अपना भवन कब बनेगा। सरकारी अस्पताल में टीबी की जांच के लिए एलपीए लैब व हाइटाइटिस-सी की जांच कब शुरू होगी। सरकार की क्या ऐसी कोई योजना है कि 8वीं की परीक्षा बोर्ड से ली जाए। फतेहाबाद के भट्टूकलां में सेमग्रस्त गांवों में सोलर ऊर्जा के ट्यूब्वैल लगे हुए हैं, जो पर्याप्त समय नहीं चल पाते।

सरकार की इन्हें बिजली से चलाने की क्या योजना है। प्रदेश में सरकार 20 सालों बाद नहरों खालों की रिमॉडलिंग करती है। तब तक खाल टूट चुके होते हैं और पानी की बर्बादी होती है।

उनकी मांग है कि प्रदेश में खालों की रिमॉडलिंग 20 सालों की बजाय 10 सालों में की जाए। हिसार घग्घर मल्टीपर्पज खरीफ चैनल, सेमग्रस्त एरिया गांव रामसरा से लेकर ओटू हैड तक किया जाए। सेमग्रस्त गांवों का पानी इस चैनल में डलेगा तो यहां के किसानों को फायदा होगा। फतेहाबाद का क्षेत्र कृषि आधारित है। यहां वेजिटेबल व फ्रूट का कलस्टर बनाया जाए ताकि बागवानी के किसान खेती से लाभ ले सके।

#### सीवरेज प्रणाली 60 साल पुरानी



विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने कहा कि सेशन के दौरान उनका सवाल होगा कि फतेहाबाद में हाल ही में विकसित हुई हुडा, अल्फा व सोमा कालोनियों में नहरी पानी आधारित वॉटर वर्क्स लगाने की क्या योजना है। उन्होंने एक बड़ा सवाल उठाया कि हर महकमे में अधिकारियों की तैनाती की समय सीमा निर्धारित हैं लेकिन पुलिस विभाग में ऐसा नहीं है। सरकार पुलिस विभाग के बड़े अधिकारियों की एक ही स्टेशन पर तैनाती की समय सीमा तय करें ताकि पुलिस अधिकारी अपने सम्पर्कों को मजबूत बनाकर कानून व्यवस्था का गला न घोंट सके। फतेहाबाद में सीवरेज प्रणाली को डाले 60 साल से ज्यादा समय हो चुका है। अब पाइपें पुरानी व गल-सड़ चुकी हैं। सीवरेज का पानी पेयजल में मिक्स होकर आ रहा है। सरकार बताए कि इन पाइपों को कब तक बदला जाएगा। विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने कहा कि फतेहाबाद, रतिया व टोहाना क्षेत्र को बाढ़ से बचाव के लिए गांव घासवां से हिजरावां खुर्द तक आ रहे रंगोई खरीफ चैनल की क्षमता 700 क्यूसिक से बढ़ाकर 1500 क्यूसिक की जाए ताकि बैड को कच्चा रखकर बाउंड्री वॉल को पक्का किया जाए ताकि बाढ़ से बचाव हो सके। इसके अलावा ढाणियों में रहने वाले लोगों को 24 घंटे बिजली-पानी देने की क्या योजना है।

# 83 हजार की धोखाधड़ी करने पर तीन काबू

- पुलिस ने साइबर ठगी का केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

साइबर थाना पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी के मामले में संलिप्त तीन और आरोपियों को राजस्थान के जोधपुर क्षेत्र से काबू किया है। साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दिनकर यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान वासुदेव पुत्र मनोज कुमार निवासी मदेरना कॉलोनी कालका मंदिर जोधपुर राजस्थान, रणजीत सिंह उर्फ प्रिंस पुत्र राम सिंह, राजपुरोहित हाऊस नंबर 117 सी नजदीक कालका मंदिर जोधपुर राजस्थान व मयूरसेन पुत्र लक्ष्मी नारायण निवासी देवरो की ढाणी गांव पलीना जिला फलोदी हाल मदेरना कॉलोनी जोधपुर राजस्थान के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि सुनीता रानी निवासी एडीसी कॉलोनी सिरसा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीते कुछ दिन पहले उसे एक कॉल प्राप्त हुई कि आप घर बैठे वर्क फ्रॉम होम के जरिए लाखों रुपए कमा सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आपको मोबाइल फोन पर आए लिंक को क्लिक करने के बाद टास्क पूरा करना होगा और टास्क पूरा होने के बाद मोटे मुनाफे का बोनस भी मिलेगा। लालच में आकर उनकी वेबसाइट पर पंजीकरण करवा लिया और एक लॉगिन आईडी बनाकर 83 हजार रुपए का इंवेस्टमेंट कर दिया और बाद में पैसा निकालने के लिए वेबसाइट पर आए लिंक को क्लिक किया तो और पैसे डालने की डिमांड की गई।

#### नगदी व मोबाइल बरामद

शिकायतकर्ता के मुताबिक उन्होंने अपनी राशि वापस निकालने का प्रयास किया तो उनकी वेबसाइट बंद हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने बीती 12 अक्तूबर 2024 को साइबर ठगी का अभियोग दर्जकर जांच शुरू की। जांच के दौरान साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन की विशेष टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए घटना में संलिप्त तीन और आरोपियों को राजस्थान के जोधपुर क्षेत्र से काबू कर उनकी निशानदेही पर 8 हजार 500 रुपए व वारदात में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद कर लिए हैं।

# ग्रामीण चौकीदारों की समस्याओं के निदान के लिए बैठक आयोजित

- विभिन्न समस्याओं पर की चर्चा, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी अनूप सिंह की अध्यक्षता में स्थानीय खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय (बीडीपीओ) में ग्रामीण चौकीदारों की समस्याओं के निदान के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चौकीदारों की विभिन्न समस्याओं पहचान पत्र, मानदेय, पीएफ आदि समस्याओं के समाधान के लिए विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस अवसर पर डीडीपीओ ने संबंधित कर्मचारियों को पहचान पत्र व मानदेय जारी करने बारे निर्देश दिए तथा चौकीदारों का रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर करवाने बारे भी निर्देश दिए। इस मौके पर चौकीदारों को पहचान पत्र भी जारी किए गए। बैठक में बीडीपीओ अनिल कुमार, समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी ऋषि गोयल, सहायक तेलु राम आदि मौजूद रहे।



फतेहाबाद। बीडीपीओ कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते डीडीपीओ अनूप सिंह। फोटो: हरिभूमि

# टीम इंडिया की जीत पर स्कूल में मनाया जश्न

- मैनेजमेंट, स्टाफ और विद्यार्थियों ने टीम इंडिया को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

टीम इंडिया की चैम्पियंस ट्रॉफी जीत पर सोमवार को श्री गुरु नानक कॉन्वेंट स्कूल, डूल्ट भूना में जश्न मनाया गया। मैनेजमेंट, स्टाफ और विद्यार्थियों ने टीम इंडिया को बधाई दी। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर रणजीत सिंह गिल, अकैडमिक डायरेक्टर धर्मपाल गोयल और सीनियर कॉर्डिनेटर वरिंद्र कौर ने कहा कि भारत ने शानदार प्रदर्शन कर ट्रॉफी जीती, पूरी टीम बधाई की पात्र है। टीम इंडिया ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं हारा। यह उसे विश्व की सर्वश्रेष्ठ टीम बनाता है। कप्तान रोहित शर्मा ने बेहतरीन नेतृत्व किया। शानदार पारी खेलकर प्लेयर ऑफ द मैच बने। विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ शतक लगाया। सेमीफाइनल में 84 रन की पारी खेली। यह उनके जुझारूपन और परिपक्वता को दर्शाता है। वरुण चक्रवर्ती ने एक मैच में पांच विकेट लेकर इतिहास रच दिया। शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा, मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव ने भी अहम योगदान दिया।



भूना। भारत की जीत पर तिरंगा लेकर जश्न मनाते हुए विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विद्यालय के इस अवसर पर विद्यालय के पूनम नारंग, गीतू बतरा, रितु रानी, सीमा कंबोज, सिमरन, परमजीत, मीनू कंबोज, मनीशा, ललिता, सुशीला,हरजिंदर, नरवैल, कृष्ण कुमार, रामकिशोर, राधेश्याम, मनजीत, विकास कुमार, दीपक कुमार, सन्नी कुमार, कपिल बिश्नोई आदि उपस्थित थे।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी : डॉ. खीचड़

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गांव देवा में सात दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर के समापन अवसर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने स्वयंसेवकों से समाज एवं राष्ट्र की उन्नति के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है। इसलिए इस क्षेत्र में स्वयंसेवकों को और अधिक काम करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों में सामुदायिक सेवा की भावना विकसित करना, व्यक्तित्व विकास, सामाजिक सेवाओं के प्रति जागरूकता, सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता तथा स्वच्छता शामिल हैं। गांव की सरपंच सुमन देवी ने अपने अनुभवों को व्यक्त करते हुए स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया और उनको जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी।

# बेटों को संस्कारित करने पर ही बेटियों की होगी सुरक्षा : दीप्ति

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

हरियाणा लेखिका मंच द्वारा श्री युवक साहित्य के सदन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कवयित्री सम्मेलन, लोकार्पण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी की कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि लड़कियों की सुरक्षा करते-करते हम बेटों की सही परवरिश करना भूल गए हैं। जब तक लडक़ों को संस्कारित नहीं किया जाएगा, तब तक लड़कियां असुरक्षित हैं। अर्धनारीश्वर की अवधारणा पर उन्होंने कहा कि हम शिवा को पूजते समय शक्ति की पूजा भूल जाते हैं, समाज में पुरुष तत्व भारी है। महिलाओं को पुरुषों से होड़ की आवश्यकता नहीं, अपने अंदर अंतर्निहित शक्तियों को जागृत करें और पूरी क्षमता से आगे बढ़ें। हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी ने कहा कि कोई दिवस ऐसा नहीं, जो महिलाओं को समर्पित न हो। उनके बिना कोई कार्य संपन्न नहीं होता, इसलिए हर क्षण हर दिवस उनका है। सरकार महिलाओं को रूढ़िवादिता के विरुद्ध हर तरह से जागृत करने के लिए प्रयासरत है। इस अवसर पर चार पुस्तकों तथा शिखा चौधरी की एल्बम उडऩे दो मुझे का लोकार्पण हुआ। वह नीला तारा उपन्यास (डॉ. मेघा शर्मा), जिसकी समीक्षा हरभगवान चावला ने प्रस्तुत की। हमारी लाडो, हमारा गौरव, (संपादक डॉ. शील कौशिक) की समीक्षा डॉ. शन्नो गर्ग ने प्रस्तुत की।



सिरसा। पुस्तकों का विमोचन करते हुए अतिथि। फोटो: हरिभूमि

### हकृवि में इंडो-पोलिश अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण का आयोजन

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय इंडो-पोलिश अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों ने सतत कृषि पद्धतियां, मृदा स्वास्थ्य और जीवाणु प्रौद्योगिकी सहित कृषि क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय सेल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए गए इस प्रशिक्षण के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। प्रो. काम्बोज ने सोमवार को अपने संबोधन में कहा कि पोलैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ वारसॉ व हकृवि के बीच संबंधों को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे शोध के नए अवसर खुलेंगे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल अकादमिक और व्यावसायिक दृष्टि से लाभकारी रहेगा बल्कि दोनों संस्थाओं के बीच शोध और नवाचार के नए रास्ते भी खुलेंगे।

# हेमन्त शर्मा बने राष्ट्रीय बजरंग दल फतेहाबाद के जिला अध्यक्ष

### अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल फतेहाबाद की जिला कार्यकारिणी घोषित

- बैठक में केंद्रीय, प्रांतीय अधिकारियों ने भाग लिया
- जिला टीम का गठन डॉ. प्रवीण तोगड़िया के दिशा निर्देश पर किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल के काम को गति देने के लिए संगठन विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत योजना हेतु प्रांत बैठक हुई। बैठक में केंद्रीय, प्रांतीय अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से फतेहाबाद जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें नरेंद्र कुमार जिला अध्यक्ष अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद, अनिल बजाज जिला मंत्री, हेमन्त शर्मा जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल, गोविंद भरपूर को उपाध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल फतेहाबाद की जिम्मेवारी सौंपी गई। बैठक में शामिल अधिकारी हेमंत शर्मा प्रदेश अध्यक्ष, डॉ. मुकेश कुमार प्रदेश महामंत्री, अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद हरियाणा कृष्ण गुर्जर, प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल राजकुमार, जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय हिंदू परिषद हिसार राजेश भडाणा, विभाग महामंत्री राष्ट्रीय हिंदू परिषद हिसार प्रान्त ने बैठक में फतेहाबाद जिला टीम का गठन डॉ. प्रवीण तोगड़िया के दिशा निर्देश पर किया। अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के फतेहाबाद जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, अनिल बजाज को जिला मंत्री अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद जिला फतेहाबाद, राष्ट्रीय बजरंग दल में हेमन्त शर्मा को अध्यक्ष व गोबिंद जांगड़ा भरपूर जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। जिला अध्यक्ष ने बताया अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद अप्रैल माह में संगठन अधिकारी मौजूद रहेंगे। फतेहाबाद जिले में बैठक आयोजित कर संगठन का विस्तार किया जाएगा।

# गोमाता सनातन संस्कृति की आधारशिला: स्वामी राजेंद्रानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

श्री धेनूमानस कथा के दूसरे दिवस पर गौ ऋषि स्वामी राजेंद्रानंद महाराज ने गौ महिमा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। स्वामी ने कथा के दौरान बताया कि गौमाता सनातन संस्कृति की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि गौ माता के शरीर में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है और जो व्यक्ति गौसेवा करता है। वह समस्त देवी-देवताओं की कृपा का पात्र बनता है। उन्होंने श्रीमद्भागवत महापुराण और अन्य धर्मग्रंथों का उल्लेख करते हुए बताया कि गौ माता की सेवा करने से मनुष्य जीवन में सुख शांति और समृद्धि का वास होता है। भगवान श्रीकृष्ण के गोकुलवास और गौचारण प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वयं योगेश्वर श्रीकृष्ण ने गौमाता को स्नेह और सेवा का सर्वोच्च स्थान प्रदान किया। कथा में गौ दुग्ध, गौमूत्र और पंचगव्य के वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर भी प्रकाश डाला गया। स्वामीजी ने बताया कि गौ दुग्ध अमृत के समान है, जो न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक बल भी प्रदान करता है। कथा के अंत में भक्तों के लिए संगीतमय भजन संध्या का आयोजन किया गया।

### मुख्त्यार सिंह मैमोरियल कॉलेज में वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन

# खेलकूद से भाईचारे की भावना बढ़ती : हरमिंदर

- डॉ. हरमिंदर सिंह ने प्रतियोगिता का उद्घाटन मशाल प्रज्वलित कर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पीजी कॉलेज बहबलपुर में वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर कॉलेज प्रबंधन समिति के चेयरमैन डॉ. हरमिंदर सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता राजकीय नेशनल कॉलेज, सिरसा की संगीत विभाग की पूर्व अध्यक्ष डॉ. मनजीत कौर ने की। डॉ. हरमिंदर सिंह ने प्रतियोगिता का उद्घाटन मशाल प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि खेलकूद मानव मन को प्रसन्न तथा उत्साहित रखता है। खेलों से नियम पालन का स्वभाव विकसित होता है तथा खिलाडिय़ों में सामूहिक सदभाव व भाईचारे की भावना बढ़ती है। प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश नागपाल ने कहा कि खेल-कूद शरीर और मन में ताजगी लाता है। उन्होंने महाविधालय की शैक्षणिक, खेल संबधी तथा सास्कृतिक गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला।



फतेहाबाद। बहबलपुर कॉलेज में विजेताओं को सम्मानित करते प्रबंधक।

#### ये रहा परिणाम

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर रेस, व रिले रेस, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, भाला फेंक, लंबी कूद वॉलीबॉल, फुटबॉल, शतरंज, कैरम बोर्ड, बैडमिंटन, कबड्डी, तीरंदाजी, रस्साकशी, खो-खो मटका दौड़ आदि प्रतियोगिताएं करवाई गई। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। चेयरमैन डॉ. हरमिंदर सिंह, डायरेक्टर अमनदीप कौर, डॉ. मनजीत कौर, प्राचार्य व स्टाफ द्वारा इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अवसर पर महाविद्यालय के एनएसएस व एनसीसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों व खेलों तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़ चढक़र भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस खेल-कूद प्रतियोगिता में लड़कों में पुनीत तथा लड़कियों में प्रियंका को सर्वश्रेष्ठ खिलाडी घोषित किया गया।

खबर संक्षेप

## धर्मशाला एंड एजुकेशन चैरिटेबल सोसायटी के चुनाव 23 मार्च को

**टोहाना।** धर्मशाला एंड एजुकेशन चैरिटेबल सोसायटी के चुनाव 23 मार्च, रविवार को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित होंगे, जिसके लिए रुपरेखा तैयार कर दी गई है। इस संदर्भ में सोसायटी के सचिव सुरेश कुमार सिंगला ने बताया कि इसको लेकर बैठक प्रधान जगन्नाथ गोयल की अध्यक्षता में हुई, जिसमें नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। उन्होंने बताया कि पिछला कार्यकाल पूरा होने के बाद अब 23 मार्च 2025 को नई कार्यकारिणी का गठन करने के लिए प्रधान, उपप्रधान, सचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर नामांकन पत्र 12 मार्च एवं 13 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर बाद 2 बजे तक महाराजा अग्रसेन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्थित कार्यालय में दाखिल किए।

## बनभौरी धाम के लिए दूसरी पैदल ध्वजा यात्रा रवाना

**रतिया।** मां बनभौरी देवी शक्तिपीठ के लिए जय मां भ्रामरी देवी लंगर कमेटी रतिया द्वारा बनभौरी धाम के लिए दूसरी पैदल ध्वजा यात्रा का जत्था प्रधान गुलाब शर्मा की अगुवाई में पुरानी गौशाला रतिया से रवाना हुआ। जय मां भ्रामरी देवी लंगर कमेटी ट्रस्ट के प्रधान गुलाब शर्मा ने बताया कि जय मां भ्रामरी महादेवी लंगर कमेटी द्वारा बनभौरी धाम के लिए दूसरी पैदल ध्वजा यात्रा पुरानी गौशाला से माता रानी के जयकारों के साथ रवाना हुई। वह साल में दो बार हर नवरात्रों पर उनकी कमेटी द्वारा मां बनभौरी शक्तिपीठ में लंगर लगाया जाता है जो दिन रात 24 घंटे चलता है। उन्होंने बताया कि बरवाला से 7 किलोमीटर दूर बनभौरी धाम की सडक़ पर 8 वर्षों से साल में दो बार नवरात्रों में लगाया जा रहा है।

## पौधरोपण कर दी सावित्री बाई फूले को श्रद्धांजलि

**सिरसा।** बाबा सरसाई नाथ सेवा ट्रस्ट ने हिंदुस्तान की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर शहर के अग्रसेन पार्क में दर्जनों फूल, फल व छायादार पौधे रोपित कर श्रद्धांजलि दी। संस्था के प्रधान रविंद्र सैनी ने कहा कि माता सावित्री बाई फुले ने अपने पति महात्मा जोतिबा फुले के साथ मिलकर 1848 में लड़कियों के लिए भारतवर्ष के पहले एकमात्र महिला विद्यालय की स्थापना की। छुआछूत, अस्पृश्यता के कारण सामाजिक रूप से पिछड़े, वंचित महिलाओं का जीवन स्तर ऊपर उठाने के उद्देश्य से शिक्षा की अलख जगाई।

## गुरभेज को ऊर्जा-2025 अवार्ड से सम्मानित किया

**सिरसा।** चंडीगढ़ में में ज्योतिष प्रांगण संस्था द्वारा ज्योतिषाचार्य गुरभेज सिंह ढिल्लो को एप्रिसिएशन अवार्ड ऊर्जा-2025 अवार्ड से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि सिरसा निवासी गुरभेज सिंह ढिल्लों को इससे पूर्व भी ज्योतिष क्षेत्र में अनेक प्रतिष्ठित अवार्ड भी मिल चुके हैं। वहीं भगत धन्नाजी ट्रस्ट के पदाधिकारियों जिसमें संरक्षक डॉ. राजेंद्र कड़वासरा, प्रधान अमरीक सिंह राही, महासचिव महेंद्र घणघस, रवि शर्मा, डॉ. रामकिशन खोथ, राजेश चिंडालिया, इंद्रपाल कसवां, आदि ने प्रसन्नता जाहिर की।

### होली के अवसर पर इलेक्ट्रिक पिचकारियों की डिमांड

# सजे बाजार, रंगों के त्योहार को लेकर उत्साहित हैं बच्चे

*रंगों के त्योहार होली को लेकर फतेहाबाद के बाजार रंग व गुलाल से सज गए हैं। इस बार लोगों में तिलक होली खेलने के लिए सूखे गुलाल की मांग ज्यादा है। हालांकि नए आइटम के रूप में इस बार इलैक्ट्रिक पिचकारियों की भी काफी डिमांड है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


होली पर सजे बाजार

होलिका दहन का त्योहार हर वर्ष फाल्गुन माह की पूर्णिमा पर मनाया जाता है। होलिका दहन को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। इसके अगले दिन प्रतिपदा तिथि पर रंगों और गुलाल से होली खेली जाती है। होलिका दहन पर भद्रा काल जरुर देखा जाता है। शास्त्रों में होलिका दहन को लेकर कहा गया है कि ये पर्व भद्रा रहित पूर्णिमा की रात को मनाना उत्तम रहता है। श्याम मंदिर के पुजारी सोनू शर्मा ने बताया कि भद्रा की मुख में होलिका का दहन नहीं किया जाता। फाग को अभी 3 दिन शेष है लेकिन अभी से बाजारों में रौनक शुरू हो गई है। रंगों के त्योहार होली को लेकर फतेहाबाद के बाजार रंग व गुलाल से सज गए हैं। इस बार लोगों में तिलक होली खेलने के लिए सूखे गुलाल की मांग ज्यादा है। हालांकि नए आइटम के रूप में इस बार इलैक्ट्रिक पिचकारियों की भी काफी डिमांड है। गुलाल शूटर गन, गुलाल सिलैंडर, पब्जी गन जैसी चीजें भी ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं। गुलाल सिलैण्डर को दबाने पर इसमें से अलग-अलग रंग का गुलाल निकलता है। इस सिलैंडर की कीमत 1000 रुपये से लेकर 1400 रुपये तक है। इसी तरह मैजिक गुलाल गन भी 250 से 350 रुपये तक में मिल रही हैं। शहर के थाना रोड, पुरानी सब्जी मंडी, धर्मशाला रोड व चार मरला कॉलोनी सहित शहर के बीच गलियों में छोटी-मोटी दुकानें भी रंगों व पिचकारियों से अट गई हैं। ज्यों-ज्यों होली के दिन नजदीक आ रहे हैं, इन दुकानों पर खरीदारों की भीड़ भी बढ़ रही है। व्यापारियों ने ग्राहकों की मांग को ध्यान में रखते हुए खुशबू वाली गुलाल मंगाई है। इस बार कैमिकल रहित हर्बल गुलाल की डिमांड ज्यादा है। साथ ही दुकानों को मुखौटों और पिचकारियों से सजा रखा है। साल दर साल पक्के रंग की मांग कम होती जा रही है। इस बार तो इसकी मांग एक चौथाई ही रह गई है। सभी लोग त्वचा को लेकर जागरूक हो गए हैं। लोग सूखी होली खेलने पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। पक्के रंग की बजाय हर्बल गुलाल की डिमांड अधिक है। खासकर कैमिकल रहित गुलाल ज्यादा मांग रहे हैं।

### बच्चों की पिचकारियों के भी डिजाइन बदले

इस बार बच्चों के लिए पिचकारियों के भी डिजाइन बदले हुए हैं। पहले की तरह सामान्य पिचकारियों की बजाय इस बार इलैक्ट्रिक पिचकारियों के अलावा टैंक, बंदूक, तलवार व कलम वाली पिचकारी सबसे अधिक लोगों को लुभा रही है। स्पाइडरमैन, छोटा भीम, गणेश, डोरीमॉन, पिकाचू के रूप में भी पिचकारी दुकानों पर उपलब्ध है। छोटी लड़कियां बॉर्बी डोल, बर्ड, डक और शोल्डर टैंक की पिचकारियां अधिक पसंद की जा रही हैं।

### बाजार में आए अनेको आइटमें

होली के त्योहार को लेकर इस बार डिजाइनदार पिचकारियों से लेकर गुलाल उड़ाने के लिए शूटर गन भी उपलब्ध हैं। ग्राहकों की डिमांड के अनुसार उनको चीजें मिलेंगी। इस बार होली को लेकर अनेक तरह की आईटमें बाजार में आई हुई है। बच्चों को लुभाने के लिए आकर्षक पिचकारियों के साथ-साथ गुलाल गन और सिलेण्डर की लोग काफी डिमांड कर रहे हैं। रंगों से बचने के लिए फेस मास्क की भी अच्छी बिक्री हो रही है।

-रमन, नरूला सुपर स्टोर

## नेत्र विशेषज्ञों ने जांची 215 नेत्र रोगियों की आंखें

**सिरसा।** श्री हनुमंत फाउंडेशन द्वारा नेहरू पार्क स्थित हनुमंत चेरिटेबल अस्पताल में नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। मुख्य परियोजना संयोजक सुमन मित्तल व अध्यक्ष डॉ. आशीष खुराना ने बताया कि जिला अंधता निवारण समिति के सहयोग से आयोजित शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र कुमार भादू ने किया। डॉ. महेंद्र भादू ने अस्पताल द्वारा संचालित दंत चिकित्सा विभाग, रक्त जांच विभाग, दवा व अन्य विभागों का अवलोकन किया और फाउंडेशन द्वारा प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा पिछले 26 वर्षों से प्रतिदिन 125 से अधिक जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और हर माह नेत्र जांच व ऑपरेशन शिविर लगाना अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने इस अवसर पर नेत्र रोगियों को काला मोतिया के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया।


भजनों नृत्य करते हुए कलाकार।

## प्राचीन श्याम मंदिर में फाल्गुन महोत्सव आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

नोहरिया बाजार स्थित प्राचीन श्री श्याम मंदिर में सोमवार को फाल्गुन एकादशी के पावन अवसर पर रंग रंगीला मनभावन अलबेला फाल्गुन मेला पूरे उल्लास के साथ शुरु हुआ। श्रृंगार आरती एवं भव्य दर्शन से शुरु हुए इस कार्यक्रम में वृंदावन की तर्ज पर फूलों की होली एवं भजनों व नृत्य की प्रस्तुति पर श्रद्धालुओं ने झूमते नाचते हुए बाबा को फूलों के रंग अर्पित किए। इससे पहले नगरभर व आसपास के क्षेत्रों से निशान ध्वजा मंदिर पहुंची। मेला संयोजक तेजपाल शर्मा ने यात्राओं का स्वागत किया और सभी निशान बाबा को अर्पित किए। मनीष जलंधरा ने बाल भोग प्रसाद वितरण किया तथा मुख्य यजमान हरदेव सिंह बरावड़ ने चौकी पूजन व बाबा की पावन ज्योत प्रज्जवलित कर आशीर्वाद लिया। रंगारंग होली के बाद नरेश डरोलिया परिवार द्वारा छप्पन भोग प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर अश्विनी बंसल, नवीन गोयल, दीपक गुप्ता, मनीष सोनी, हेमंत गोयल, जितेश बंसल, पंकज शर्मा, राजेश सिंगला, अनिल गोयल, आदि मौजूद रहे।

*समाधान शिविर प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 से 12 बजे आयोजित किए जा रहें*

# डीडीपीओ ने सुनी जन समस्याएं 12 शिकायतें प्राप्त, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते डीडीपीओ अनूप सिंह।

सरकार के दिशा निर्देशानुसार प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित कर लोगों की समस्याओं का समाधान उच्च अधिकारियों द्वारा किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में सोमवार को लघु सचिवालय स्थित बैठक कक्ष में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी अनूप सिंह ने लोगों की समस्याएं सुनी। सोमवार को आयोजित शिविर में कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुई जिनके निपटान के लिए मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समाधान शिविर में अक्षय ऊर्जा, वृद्धावस्था पेंशन, फैमिली आईडी में इनकम कम, कन्यादान की राशि प्रदान करने, गली निर्माण, विवाह रजिस्ट्रेशन, जन्म प्रमाण पत्र, जोब कार्ड जारी करने, घर के ऊपर से बिजली की तारे हटवाने, पानी की पाइप लाइन की क्षमता सही करने, जमीनी व घरेलू विवाद, संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई जिन्हें संबंधित विभागों को तत्परता से निवारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। डीडीपीओ ने कहा कि समाधान शिविर आयोजित करने मुख्य उद्देश्य लोगों को न्याय दिलवाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लोगों की शिकायतों के निवारण में लापरवाही न बरते और हर शिकायत का तत्परता से निपटारा करें।

*कार्यक्रम का शुभारंभ इंटरनेशनल खिलाड़ी स. बल बहादुर ने किया*

# अपेक्स स्कूल में खेलो इंडिया राज्य महिला लीग का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। अपेक्स स्कूल में खेलो इंडिया राज्य महिला लीग का शुभारंभ करते अतिथिगण।

अपेक्स स्कूल में वूशु खेल एसोसिएशन हरियाणा द्वारा खेलो इंडिया राज्य महिला लीग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ इंटरनेशनल खिलाड़ी स. बल बहादुर सिंह ने किया जबकि विशेष तौर पर वूशु खेल एसोसिएशन हरियाणा के प्रधान विकास ढांडा और महासचिव अनिल विज मौजूद रहे। एक दिवसीय खेलो इंडिया राज्य महिला लीग में राज्यभर की महिला खिलाडिय़ों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में स्पोट्र्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया से ऑब्जर्वर के रूप में हॉकी कोच गुरनाम सिंह व बॉक्सिंग कोच गुरजीत सिंह साईं हिसार से पहुंचे। अतिथि के रूप में आए लमरीन टेक्निकल यूनिवर्सिटी के स्पोट्र्स डायरेक्टर राम मेहर सिंह ने कहा कि भारत सरकार द्वारा वूशु खिलाडिय़ों के लिए खेलो इंडिया एक बहुत अच्छा प्लेटफार्म है। सरकार खिलाडिय़ों को प्रोत्साहन राशि भी देती है, जिससे खिलाडिय़ों का मनोबल बढ़ता है। मेडल सेरमनी में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला परिषद चेयरपर्सन सुमन खीचड़ व जिला वूशु प्रधान सुभाष खीचड़ ने भाग लिया और विजेता खिलाडिय़ों को मेडल देकर सम्मानित किया।

*'इंटरव्यू स्किल' विषय पर वर्कशॉप आयोजित*

# सहजता, आत्मविश्वास और प्रभावशाली तरीके से करें इंटरव्यू का सामना : प्रो. दीपक गर्ग

### एमएम कॉलेज में ओम यूनिवर्सिटी द्वारा 'इंटरव्यू स्किल' विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। वर्कशॉप में विद्यार्थियों को संबोधित करते मुख्य वक्ता व उपस्थित विद्यार्थी।

मनोहर मैमोरियल कॉलेज में कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सैल द्वारा ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी के सहयोग से 'इंटरव्यू स्किल' विषय पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप कॉलेज की यूजी तृतीय वर्ष एवं पीजी द्वितीय वर्ष के 200 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वर्कशॉप में मुख्य वक्ता के तौर पर ओम स्टर्लिंग यूनिवर्सिटी से प्रो. दीपक गर्ग, प्रो. मेवा सिंह, मनोज कुमार व अशोक वर्मा ने भाग लिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का स्वागत किया वहीं कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सैल के इंचार्ज डॉ. रोबिन आनंद ने वर्कशॉप के विषयों के बारे में जानकारी दी। वर्कशॉप के दौरान मुख्य वक्ताओं ने विद्यार्थियों को रिज्यूम के बारे में बताया कि रिज्यूम कैसे लिखा जाता है। किसी भी इंटरव्यू को कैसे फेस कर सकते हैं। इसके लिए क्या-क्या चैलेंस होते हैं, के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने डाउट्स भी वक्ताओं के सामने रखें, जिनका वक्ताओं ने बखूबी जवाब देते हुए उनक डाउट्स क्लीयर किए। प्रो. दीपक गर्ग ने कहा कि इंटरव्यू का सामना करते समय घबराए नहीं बल्कि उत्साहित रहे। इंटरव्यू का सामना हमेशा सहजता, आत्मविश्वास और प्रभावशाली तरीके से करना चाहिए। उन्होंने बताया कि 4 से 6 अप्रैल तक ओम यूनिवर्सिटी हिसार में जॉब प्लेसमेंट कैम्प लगाया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से इस जॉब प्लेसमेंट कैम्प में भाग लेने का भी आह्वान किया। एमएम कॉलेज प्लेसमेंट सैल के इंचार्ज डॉ. रोबिन आनंद ने अतिथियों का धन्यवाद किया ।

# विद्या मंदिर स्कूल में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नवकल्याण संस्था की ओर से अशोक नगर में संचालित नवकल्याण विद्या मंदिर स्कूल में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जिला न्यायवादी विभाग तोशाम से प्रदीप सैन ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के बच्चों द्वारा मातृवंदन के साथ किया गया। बच्चों ने अपनी अपनी माताओं का तिलक लगाकर, आरती उतारकर, पुष्पों से उनका वंदन किया तथा पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक गेम्स आयोजित किए गए, जिसमें लेमन रेस, बैलून एण्ड पिरामिड, म्युजिकल चेयर गेम्स आकर्षण का केन्द्र रहे। संस्था के प्रधान बंटी कम्बोज व एजुकेटर पायल चक्रवर्ती के कुशल दिशा निर्देशन में आयोजित गतिविधियों में बच्चों व महिलाओं ने खूब आनन्द लिया। अंत में विजेता महिलाओं को मेडल पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, वहीं प्रदीप सैन की ओर से बच्चों को पाठ्य सामाग्री वितरित की गई।

*मार्केट कमेटी के कार्यालय में दस्तावेज जांचे*

# एसडीएम ने किया मार्केट कमेटी का निरीक्षण व्यापार मंडल के साथ की बैठक, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया


रतिया। व्यापारियों से बातचीत करते एसडीएम।

उपमंडलाधीश सुरेश कुमार ने सोमवार को गांव हसंगा में परीक्षा केंद्र व मार्केट कमेटी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मार्केट कमेटी के कार्यालय में पहुंचकर आवश्यक दस्तावेजों की जांच, शौचालय, लाइट, पीने के लिए पानी, साफ सफाई आदि का निरीक्षण किया। एसडीएम सुरेश कुमार ने मार्केट कमेटी अधिकारियों से अनाज मंडी में अनाज के रखरखाव व फसल खरीद से संबंधित सभी पहलुओं की बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने अनाज मंडी में बने शौचालयों व मंडियों की साफ सफाई करने के साथ-साथ पीने की पानी की उचित व्यवस्था बनाए रखने के आदेश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मार्केट कमेटी के संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे गेहूं सीजन को ध्यान में रखते हुए समय रहते मंडियों में गेहूं खरीद के पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। इस दौरान एसडीएम सुरेश कुमार ने व्यापार मंडल के अध्यक्ष रूप गर्ग, महासचिव खेमचंद मोंगा, व्यापारी राधेश्याम पूर्व सरपंच सहित अन्य व्यापारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं के बारे में भी विचारों विमर्श किया। एसडीएम ने गांव हसंगा में परीक्षा केंद्र का निरिक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षाएं शांतिपूर्ण और नकल मुक्त माहौल में संपन्न होनी चाहिए।

## तीन सौ स्वयंसेवियों को किए प्रमाणपत्र वितरित

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर सोमवार को संपन्न हो गया।समापन सत्र में भाई कन्हैया आश्रम के संचालक व पद्मश्री गुरविंद्र सिंह व चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ. रोहताश ने विशिष्ट अतिथियों के तौर पर शिरकत की। प्राचार्य प्रो. हरजिंद्र सिंह ने इस सफल शिविर के आयोजन के लिए आयोजकों के प्रति साधुवाद व्यक्त करते हुए स्वयंसेवियों को मुबारकबाद प्रदान की। उन्होंने एनएसएस का ध्वजावरोहण कर इसे आयोजकों को सौंपते हुए शिविर के संपन्न होने की विधिवत घोषणा की।

# नहरों में पानी की बंदी को लेकर किसानों में रोष, पुराने शैड्यूल की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया


रतिया। नहरबंदी को लेकर एसडीएम को मांग पत्र सौंपते किसान संगठन के सदस्य।

नहरों में पानी की बंदी को लेकर किसानों में काफी रोष है। इस मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन एकता उगरावां का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को एसडीएम रतिया से मिला और उन्हें मांग पत्र सौंपा। भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहाँ के नागपुर ब्लॉक के प्रधान सरदूल सिंह ने बताया कि पिछले दिनों नहरी विभाग द्वारा पानी का टाइम टेबल बदला गया है। पहले जहां नहरों में पानी 15 चलता था और 15 दिन बंद रहता था जिसमें बदलाव कर नहरी विभाग ने 7 दिन पानी चलने और 15 दिन बंद करने का शैड्यूल जारी किया है। इससे किसानो को सिंचाई के लिए और जिन गांवों में वाटर सप्लाई भी नहरी पानी से जुड़ी है, वहां पर आगे गर्मी के मौसम में दिक्कत खड़ी हो जाएगी।

अब एक दो दिन पहले विभाग ने नया फरमान जारी कर दिया कि एक सप्ताह पानी चलेगा और 25 दिन बंद रहेगा। इस नए फरमान से क्षेत्र में पानी का गहरा संकट खड़ा हो जाएगा। यूनियन द्वारा रतिया एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और मांग की कि नहरों का शैड्यूल को पहले की तरह जारी रखा जाए ताकि किसानों व आम लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

**कार्यक्रम** बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभा को निखारना रहा कार्यक्रम का उद्देश्य

*प्रतियोगिता को बच्चों को आयु वर्ग के अनुसार तीन श्रेणियों में विभाजित किया*

# अपेक्स कॉन्वेंट स्कूल में 'ऑटम 2025' आयोजित, बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। अपेक्स में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

सतीश कॉलोनी स्थित अपेक्स कॉन्वेंट स्कूल में अपेक्स यूनिक टेलेंट अनफोल्डिंग मिशन यानि 'ऑटम 2025' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जहां बचपन से ही मंच तक बच्चों की पहुंच बनाना और उनके अंदर छुपी हुई प्रतिभा को निखारने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर डॉ. नेहा चौधरी, आई स्पेशलिस्ट, उम्मीद हॉस्पिटल और डॉ. विभा मंढान लीवर एंड गेस्ट्रो स्पेशलिस्ट, मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थी। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. नेहा कत्थक विशेषज्ञ और कुलविंद्र सिंह, लेक्चरर, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने अदा की। प्रतियोगिता को बच्चों को आयु वर्ग के अनुसार तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया।

### प्रतियोगिताओं के यह रहे परिणाम

ग्रुप वन 2.5 से 4 वर्ष में मोस्ट स्माइलिंग फेस रबाब कौर रही, बेस्ट ड्रेस्ड-अप किड गुनिष्का और बेस्ट रैंप वॉक में शिवांशी अव्वल रही। इसी वर्ग में डांस में याद्या प्रथम, धृति बजाज द्वितीय और द्विव्यम तृतीय रहा। ग्रुप दो 4 से 6 वर्ष आयु वर्ग में मोस्ट स्माइलिंग फेस में निविशा, बेस्ट रैंप वॉक में शियान अव्वल रहा। बेस्ट ड्रेस्ड-अप किड जीवंतिका ने बाजी मारी। डांस में आयरा प्रथम, अवनूर द्वितीय और आलिया जांगड़ा तृतीय रही। ग्रुप तीन 6 से 8 वर्ष में मोस्ट स्माइलिंग फेस वेदांश रहा और बेस्ट रैंप वॉक में आर्यवऔर बेस्ट ड्रेस्ड-अप किड में वार्निका शर्मा ने बाजी मारी। डांस में रहमत प्रथम, नूर द्वितीय और दिनाया तृतीय रही। मास्टर अपेक्स अयांश बना तो बेबी अपेक्स मायरा मेहता बनी। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।